संख्या–वे0आ0–2–2057/ दस–54(एम) / 2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव / सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक : 08 सितम्बर, 2010

विषयः– वेतन समिति (2008) के नवम् प्रतिवेदन भाग–1 में राजकीय विभागों के उर्दू अनुवादक संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है वेतन समिति द्वारा राजकीय विभागों के उर्दू अनुवादक संवर्ग के सम्बन्ध में नवम् प्रतिवेदन भाग–1 में दी गयीं संस्तुतियों को निम्नानुसार स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है :––

(1) ऊर्दू अनुवादक सह कनिष्ठ लिपिक संवर्ग के प्रथम स्तर के पद का पदनाम ऊर्दू अनुवादक सह कनिष्ठ सहायक एवं वेतनमान रू0 3050–4590 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन रू0 1900 अनुमन्य कराया जाय।

(2) ऊर्दू अनुवादक सह कनिष्ठ सहायक के पद पर 15 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर इन पदों को ऊर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक पदनामित करते हुए वेतनमान रू0 4500–7000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन रू0 2800 में इस प्रतिबन्ध के साथ पद सहित उच्चीकृत किया जाय कि पद रिक्त होने पर रिक्तियॉ प्रथम स्तर की मानी जायेंगी।

(2) उक्त संवर्ग के ऊर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक के पद पर 09 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर इन पदों को ऊर्दू अनुवादक सह प्रभारी अधिकारी (प्रशासन) पदनामित करते हुए इस प्रतिबन्ध के साथ रू0 4200 के ग्रेड वेतन में पद सहित उच्चीकृत किया जाय कि पद रिक्त होने पर रिक्तियॉ प्रथम स्तर की मानी जायेंगी।

(3) ऊर्दू अनुवादक सह कनिष्ठ सहायक संवर्ग के पदों का संवर्गीय ढ़ॉचा, भर्ती की प्रकिया / अर्हता निम्न तालिका के अनुसार रखे जायः–

क0 सं0	पदनाम	वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन	भर्ती की विधि / अर्हता
1	ऊर्दू अनुवादक	5200–20200	1900	सीधी भर्ती– ऊर्दू अनुवादक सह कनिष्ठ लिपिक की सेवा नियमावली

	सह कनिष्ठ सहायक			1994 की व्यवस्था को पूर्ववत् बनाये रखा जाय।
2	ऊर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक	5200–20200	2800	15 वर्ष की संतोषजनक सेवा पर इस प्रतिबन्ध के साथ पद सहित रू0 2800 के ग्रेड वेतन में उच्चीकृत किया जाय कि पद रिक्त होने पर रिक्तियॉ प्रथम स्तर की मानी जायेंगी।
3	ऊर्दू अनुवादक सह प्रभारी अधिकारी (प्रशासन)	9300–34800	4200	09 वर्ष की ऊर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक के पद पर संतोषजनक सेवा पर इस प्रतिबन्ध के साथ पद सहित रू0 4200 के वेतन में उच्चीकृत किया जाय कि पद रिक्त होने पर रिक्तियॉ प्रथम स्तर की मानी जायेंगी। उक्त उच्चीकरण उर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक के उपलब्ध पदों के 30 प्रतिशत की सीमा तक ही अनुमन्य किया जाये।

(4) संवर्ग के विभिन्न स्तर के कार्मिकों के कर्तव्य एवं दायित्व में (टंकण कार्य को छोड़कर) समकक्ष स्तर के सामान्य लिपिकीय संवर्ग के पदों के कार्य निवर्हन का दायित्व भी सम्मिलित किया जाय।

2– कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव, वित्त।

संख्या–वे0आ0–2– 2057 (1) / दस–54(एम) / 2008टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1
(2) निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेब साइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव।

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 60 सा0 वित्त–10–9–2010–(1006)–2000 प्रतियां–(कम्प्यु0 / टी / आफसेट)।